**खबर संक्षेप**

## हाई-प्रोफाइल ड्रामाः रेंजर की पत्नी ने उड़ाई सरकारी गाड़ी, 2 लाख कैश और आईफोन; थाने पहुंची शिकायत

**सतना।** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र से एक बेहद अजीबोगरीब और सनसनीखेज पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है,जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। यहाँ पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) बिजेंद्र कुमार पाण्डेय ने अपनी ही पत्नी भारती उपाध्याय और दो अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ थाने में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना 16 जून 2026 की रात की है। रेंजर बिजेंद्र कुमार अपने सरकारी आवास पर आराम कर रहे थे,तभी उनकी पत्नी भारती दो अजनबी युवकों के साथ वहां धमक पड़ीं। आरोप है कि भारती ने परिसर में खड़ी सरकारी महिंद्रा **XUV** 3**XO** गाड़ी (नंबर **MP**13 **ZU** 6331), अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 2 लाख रुपये नगद और रेंजर का आईफोन निकाला और रफूचक्कर हो गईं। पुलिस के अनुसार,इस हाई-प्रोफाइल चोरी के पीछे पति-पत्नी का पुराना विवाद है। दोनों के बीच लंबे समय से अनबन चल रही है और साल 2025 से रीवा के फैमिली कोर्ट में तलाक का मुकदमा भी लंबित है। बरौंधा थाना पुलिस ने रेंजर की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है और सरकारी वाहन व नगदी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मझगवां में आरसीसी सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार



**सतना।** जिले के मझगवां कस्बे में कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा कराए जा रहे आरसीसी सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य में तय मानकों को ताक पर रखकर गुणवत्ता के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। तकनीकी नियमों के मुताबिक,सड़क के जोड़ों को मजबूती देने के लिए मानक डावल बार लगाना अनिवार्य है। इसके विपरीत,ठेकेदार कंपनी द्वारा धड़ल्ले से लोहे के साधारण और कबाड़ नुमा टुकड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है।इस घटिया निर्माण से भविष्य में सड़क के समय से पहले टूटने और धंसने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है,जिसे लेकर स्थानीय जनता में भारी आक्रोश है। हैरानी की बात है कि लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस धांधली पर पूरी तरह आंख मूंदकर बैठे हैं। विभाग की यह रहस्यमयी चुप्पी सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा और शासकीय राशि का दुरुपयोग कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस घटिया निर्माण की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित लापरवाह अधिकारियों पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

## ग्राम पंचायत बेल्दरा में गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य की जांच की मांग

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाल ग्राम पंचायतों में घटिया निर्माण करने की चलन सा हो गया है जिससे ग्रामीणों असंताष बना हुआ है जिसकों लेकर आए दिन जन सुनवाई में आवेदन देकर जांच की मांग की जा रही है। ऐसे ही मैहर जिला कलेक्टर की जन सुनवाई में ग्राम पंचायत बेल्दरा के उपसरपंच एवं ग्रामीणों ने पंचायत में घटिया निर्माण की जांच कर इंजीनियर से राशि वसूलने की मांग की गई है। जनसुनवाई में दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बेल्दरा के वार्ड क्रमांक 05 में नाली का निर्माण फ्लोरी मशीन से तथा प्राक्लन के विपरीत गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण कराया गया जिसकी जांच 17 एवं 18-2-2026 को की गई थी।गणेश कोरी के घर से चिंतामणि पटेल के घर तक सीसी रोड का निर्माण रात में गुणवत्ता विहीन फ्लोरी मशीन से रोड में लाइट लगाकर घटिया रोड का निर्माण कराया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 13 एवं 08 में पीसीसी रोड का निर्माण फ्लोरो मशीन से प्राक्कलन के विपरीत घटिया रोड का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि माध्यमिक शाला के पास से हरिजन/ आदिवासी मोहल्ले की ओर नाली का घटिया निर्माण फ्लोरी मशीन से कराया गया है। इसी तरह शांति धाम पहुंच मार्ग में पीसीसी रोड का घटिया निर्माण फ्लोरी मशीन से कराया गया है जिसकी शिकायत कार्यपीन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना एवं श्रीमान को की गई है जिसकी जांच आज तक नहीं हुई है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि उक्त घटिया निर्माण को लेकर 26-3-26 कार्यालय कार्यपालन यंत्री सेवा संभाग सतना के द्वारा टीम गठित कर दी गई थी ।

# आम जनता की रेल यात्रा या यातना? जनरल डिब्बों की बदहाली पर उठे गंभीर सवाल

*भारतीय रेलवे को देश की जीवनरेखा कहा जाता है,लेकिन आज यही जीवनरेखा आम जनता के लिए किसी सजा से कम नहीं साबित हो रही है।*



**सतना।**

हाल ही में गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे से सामने आई तस्वीरें रूह कपा देने वाली हैं। प्रयागराज से सतना के बीच रात के सफर में डिब्बों की हालत ऐसी थी,मानो इंसानों को नहीं,बल्कि सामान को ठूंस-ठूंस कर भरा गया हो। यात्री न ठीक से बैठ पा रहे थे,न लेटने की कोई गुंजाइश थी। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जनरल डिब्बों का यह दृश्य जेल की उस कालकोठरी की याद दिलाता है,जहाँ खतरनाक कैदियों को रखा जाता है। सबसे बड़ा और कड़वा सवाल यह है कि लोकतंत्र में सरकार चुनने और उसे बनाने में इस आम जनता की भी उतनी ही भूमिका होती है,जितनी एसी या स्लीपर क्लास में सफर करने वाले रसूखदारों की होती है। फिर टिकट के चंद रुपयों के अंतर के कारण इनके साथ यह अमानवीय व्यवहार क्यों? क्या 'डिजिटल इंडिया' और 'बुलेट ट्रेन' के दौर में गरीब और मध्यम वर्ग को गरिमापूर्ण सफर का अधिकार नहीं है? रेलवे प्रशासन की यह अनदेखी आम नागरिकों के बुनियादी अधिकारों और उनके आत्मसम्मान पर एक बड़ा प्रहार है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना होगा,वरना यह सफर यात्रियों के लिए सिर्फ यातना बनकर रह जाएगा।





## कुत्तों के हमले से बचने के लिए नाले में कूदा नील गाय का बच्चा,वन विभाग को दी सूचना

**सतना।**

जिले के बाबूपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुआँ गांव से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहाँ आवारा कुत्तों के एक झुंड ने एक मासूम नीलगाय के बच्चे पर हमला कर दिया और उसे दूर तक दौड़ाया। कुत्तों के खूंखार हमले और अपनी जान बचाने की कशमकश में नीलगाय का बच्चा बेतहाशा भागा और अंततः रास्ते में मिले एक गहरे नाले में कूद गया। नाले में गिरने के कारण नीलगाय का बच्चा वहां फंस गया और बाहर निकलने में असमर्थ हो गया। ग्रामीणों ने जब नीलगाय के बच्चे को नाले में फंसे और तड़पते हुए देखा,तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम को इस घटना की सूचना दी।स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है,जो अक्सर वन्यजीवों को अपना निशाना बनाते हैं। फिलहाल,वन विभाग की टीम को सूचित कर दिया गया है और ग्रामीण उत्सुकता से टीम के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे ताकि समय रहते रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर नीलगाय के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके और उसका उचित उपचार किया जा सके।

## चित्रकूट में बड़ा हादसा टलाः तेज रफ्तार कार 20 फीट गहरे नाले में गिरी, बाल-बाल बचे सवार





**सतना।**

तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट के थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले द्वतीय मुखारविंद के पास स्थित सनकादिक आश्रम के समीप एक भीषण सड़क हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यहाँ एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर सीधे करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरी। कार के नाले में गिरते ही चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। गनीमत यह रही कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं और उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना पुलिस की टीम बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत क्रेन (हाइड्रा) को मौके पर बुलाया और कड़ी मशक्कत के बाद कार को गहरे नाले से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,कार की रफ्तार काफी तेज थी,जिसके कारण चालक मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय प्रशासन ने एक बार फिर श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से अपील की है कि वे चित्रकूट के घुमावदार और संवेदनशील रास्तों पर वाहनों की गति सीमित रखें ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

**क्या आम श्रद्धालु का धैर्य ही उसकी सबसे बड़ी गलती है**

## माँ शारदा धाम में वीआईपी संस्कृति से आस्था पर चोट

**मैहर।**

एक तरफ हजारों किलोमीटर दूर से आया श्रद्धालु घंटों कतार में खड़ा अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहा है दूसरी ओर कुछ लोग बिना कतार बिना प्रतीक्षा और बिना शुल्क सीधे शारदा माता के दर्शन के लिए रोपवे में प्रवेश कर रहे हैं। आज विशेष पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। आस्था श्रद्धा और विश्वास के साथ देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु रोपवे और दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े रहे। लेकिन इसी बीच बार-बार ऐसे दृश्य सामने आए जिन्होंने समानता और न्याय की भावना पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिनभर कई बार 6 से 10 व्यक्तियों के समूह वीआईपी या विशेष अनुशंसा के नाम पर सीधे रोपवे सुविधा का लाभ लेते दिखाई दिए। वहीं सामान्य श्रद्धालु अपनी बारी की प्रतीक्षा में घंटों खड़ा रहा।



### समानता अधिकार को चुनौती

संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। लेकिन जब मंदिर परिसर में एक व्यक्ति नियमों का पालन करते हुए कतार में खड़ा रहता है और दूसरा व्यक्ति किसी सिफारिश पहचान या प्रभाव के आधार पर सीधे सुविधा प्राप्त कर लेता है,तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था के द्वार पर भी समानता का सिद्धांत कमजोर पड़ रहा है? देखा जा रहा है कि कुछ लोग प्रभावशाली व्यक्तियों नेताओं या अधिकारियों के नाम का उपयोग कर विशेष प्रवेश और रोपवे सुविधा दिलाने का कार्य करते हैं। यदि यह सच है तो यह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न है,बल्कि उन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की प्रतिष्ठा पर भी आघात है जिनके नाम का कथित रूप से उपयोग किया जाता है।

### जिला प्रशासन से बड़ा प्रश्न

मैहर कलेक्टर इस व्यवस्था से जुड़े प्रशासनिक ढांचे की प्रमुख जिम्मेदार पदाधिकारी हैं। यदि आज के दिन सुबह से शाम तक जारी सीसीटीवी फुटेज,रोपवे एंट्री रिकॉर्ड और विशेष अनुमति प्राप्त व्यक्तियों की सूची की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविकता स्वतः सामने आ सकती है। जनता यह जानना चाहती है कि आज कितने लोगों को विशेष अनुमति दी गई? किन आधारों पर दी गई? क्या सभी अनुमति प्राप्त व्यक्ति वास्तव में विशिष्ट श्रेणी के थे? भारत सरकार से कौन-कौन से सम्मान प्राप्त थे जिन्हे सुविधाएं प्राप्त हुई। देश के लिये कौन कौन से बलिदान इन्होंने दिया कितने सामान्य श्रद्धालुओं को उनकी वजह से अतिरिक्त प्रतीक्षा करनी पड़ी? और वह कौन से रोववे से संबंधित सुरक्षा प्रहरी प्रमुख है जो जिसे पसंद करते हैं उसे कई कई बार जाने की अनुमति ऊपर ही ऊपर आज दिये है ।

### मां के दरबार सब एक सामान होना चाहिए

माँ शारदा के दरबार में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु समान भाव से आता है। उसके पास चाहे सत्ता हो या न हो,पहचान हो या न हो,वह देवी के समक्ष केवल एक भक्त होता है।जब कोई वृद्ध, महिला, दिव्यांग या दूर-दराज से आया श्रद्धालु घंटों लाइन में खड़ा रहता है और उसके सामने कुछ लोग प्रभाव के दम पर आगे निकल जाते हैं,तो आहत केवल उसका समय नहीं होता,उसकी आस्था भी आहत होती है।



## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मियां तेज: नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने जमा किए पर्चे, भारी उत्साह

**सतना।**

सतना जिला अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव को लेकर न्यायालय परिसर में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर पहुंच चुकी हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तारीख होने के कारण आज दिनभर कचहरी परिसर में भारी गहमा-गहमी और उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विभिन्न पदों के लिए चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी अधिवक्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ गाजे-बाजे और नारों के बीच अपने-अपने पर्चे दाखिल किए। नामांकन जमा करने पहुंचे प्रत्याशियों और उनके समर्थक वकीलों में भारी उत्साह और जोश देखा गया। वरिष्ठ से लेकर युवा वकीलों की टोलियां अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाती नजर आईं। जिला अधिवक्ता संघ का यह चुनाव हमेशा से ही बेहद प्रतिष्ठापूर्ण माना जाता है,यही वजह है कि हर प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जोड़-तोड़ और जनसंपर्क में जुट गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अब पर्चों की जांच और नाम वापसी के बाद चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। बहरहाल,नामांकन के अंतिम दिन ने यह साफ कर दिया है कि इस बार का अधिवक्ता संघ चुनाव बेहद दिलचस्प और कड़ा होने वाला है।

## ग्राम मड़ाई के तालाब की मिट्टी का हो रहा दुरुपयोग ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**मैहर।**

मैहर जिले के ग्राम मड़ाई में सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के सौंदर्यीकरण कार्य के नाम पर तालाब से निकाली गई मिट्टी का उपयोग सार्वजनिक कार्यों में करने के बजाय सरपंच द्वारा अपने निजी उपयोग में किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार तालाब की मिट्टी का इस्तेमाल गांव के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए किया जाना था,लेकिन मिट्टी को निजी स्थानों पर ले जाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यही नहीं अगर कोई ग्रामीण इस स्थान पर खड़ा हो जाता है तो विरोध करता है। इस मिट्टी को अगर कोई मांग ले तो मना कर देता है जब कि यह शासकीय जमीन की मिट्टी है। इस मामले को लेकर गांव में जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है और ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग न हो सके।



## घोरबई पंचायत में विकास कार्यों की खुली पोल,जांच की मांग

### निर्माण के अगले दिन ही ध्वस्त हुई नाली

**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरबई में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किया जा रहा है,जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घोरबई में नाली निर्माण का कार्य पिछले लगभग एक माह से चल रहा था।बताया जा रहा है कि 10 से 15 जून के बीच निर्माण कार्य पूर्ण हुआ,लेकिन निर्माण पूरा होने के अगले ही दिन 16 जून को कंधी लाल कोल के घर के पास बनी नाली का हिस्सा ध्वस्त हो गया।



नई नाली के इतनी जल्दी टूट जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया गया,जिसके कारण नाली टिकाऊ साबित नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि पंचायत क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद जनपद पंचायत और संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत मैहर और संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करते हैं या नहीं।

**खबर संक्षेप**

## अमानगंज में 2.47 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी, आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार



अमानगंज। अमानगंज पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 2.47 लाख रुपये निकालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरियादी मस्तराम पाल निवासी जैतुपुरा ने 31 मई 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके एसबीआई खाता क्र. 31935022852 से 20 जनवरी 2025 से 20 मई 2026 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन 2,47,000 रुपये निकाल लिए। जानकारी खाता चेक कराने पर बैंक से मिली। फरियादी ने एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत की थी। थाना अमानगंज में अपराध क्र. 302/26 धारा 318(4), 319(2) ठछै के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में साइबर सेल की मदद से आरोपी परमेश्वर कंवर पिता स्व. विश्वनाथ कंवर, उम्र 25 साल, निवासी ग्राम डुंडेरा, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ को 16 जून को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज 17 जून को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्रआर शिवम शर्मा, आरक्षक विश्वास शुक्ला एवं अंगराज पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

## उधार के पैसे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमानगंज।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने बलगहा गांव में उधार के पैसों के लेनदेन को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले मामले में 57 वर्षीय हक्कीबाई वर्मन ने रिपोर्ट में बताया कि तीन साल पहले बहनोता प्रभू वर्मन को 20 हजार रुपये दिए थे। बेटे सुनील की मौत के बाद कार्यक्रम के लिए बकाया पैसे मांगे तो प्रभू और उसकी मां मंदोबाई ने गाली-गलौज कर मारपीट की। हक्कीबाई के बाएं हाथ और सिर में चोट आई है। बेटी पूजा से भी मारपीट की गई। वहीं दूसरा पक्ष की ओर से 36 वर्षीय मंदोबाई वर्मन ने आरोप लगाया कि बेटे प्रभू ने पैसे मांगे तो पूजा वर्मन ने डंडे से हमला कर दिया। राजकुमार वर्मन ने भी मारपीट की। मंदोबाई के कंधे, पीठ और सिर में चोटें आईं। दोनों पक्षों का आरोप है कि झगड़े के बाद जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296(बी), 351(5), 3(5) ठछै के तहत अलग- अलग केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### माल्यार्पण से लेकर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तक दिनभर रहे आयोजन

# महाराजा छत्रसाल जयंती पर किया गौरव का स्मरण



*बुंदेलखंड के गौरव, वीर शिरोमणि एवं स्वतंत्रता के महानायक महाराजा छत्रसाल की जयंती बुधवार को पन्ना नगर में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती के अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।*






पन्ना।

जहां पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने छत्रसाल पार्क और धरमसागर तालाब स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प को लेकर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह महाराजा छत्रसाल जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पन्ना नगर स्थित छत्रसाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे सहित प्रणामी संप्रदाय के गणमान्य नागरिकों ने महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद धरमसागर तालाब स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना की पहचान महाराजा छत्रसाल की वीरता और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी हुई है तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन चरित्र से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। इसी क्रम में नगर के छत्रसाल स्टेडियम पहुंचकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं और रात्रिकालीन खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु स्थापित की जा रही फ्लड लाइट व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि खेल प्रतिभाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ष्विकसित भारत संकल्पष् को लेकर टाउन हॉल पन्ना में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देगा।पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का आत्मविश्वास बढ़ा है और विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी परांजपे ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में सहभागिता और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।महाराजा छत्रसाल जयंती के गौरवपूर्ण आयोजनों और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के माध्यम से पन्ना नगर में इतिहास, संस्कृति, विकास और राष्ट्र निर्माण का संदेश एक साथ देखने को मिला।

# अवैध शराब के विरुद्ध पवई पुलिस की बड़ी कार्यवाही




## पिकअप वाहन से 91 पेटी कुल 8 सौ 19 लीटर अवैध शराब जप्त एवं मौके से एक आरोपी गिरफ्तार

**पवई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 16-17 जून की दरम्यानी रात को थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि सलेहा रोड से पवई तरफ एक पिकअप वाहन अबैध शराब से भरी हुई आ रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में तत्काल एक टीम गठित कर घेराबंदी कर पवई-सलेहा मुख्य मार्ग ग्राम कैथी के पास से पिकअप वाहन क्रमांक डच्39 ळ1280 को रोककर चेक किया गया जिसमें देसी मदिरा मसाला की 37 पेटिया एवं देसी मदिरा प्लेन की 54 पेटिया कुल मिलाकर 91 पेटियो में भरी हुई 08 सौ 19 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन चार लाख की भरी होना पाई गई, आरोपी वाहन चालक प्रमोद राय पिता हरचरण राय निवासी सूरजपुराखुर्द थाना बड़ामलहरा जिला छतरपुर के द्वारा इतनी अधिक मात्रा में शराब परिवहन बिना किसी लाइसेंस के किए जाने से धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अवैध शराब एवं पिकअप वाहन दोनों की कुल कीमत करीबन चौदह लाख रुपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

### उल्लेखनीय भूमिका -

उक्त संपूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में , प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार , प्रधान आरक्षक कमलेश शर्मा, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार , आरक्षक भागीरथ अहिरवार एवं वाहन चालक राम भगत पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा पुलिस लाइन परिसर में आधुनिक बैरक निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन





## पुलिस लाइन पन्ना में 1.84 करोड़ रुपये की लागत से 60 एस.ए.एफ. जवानों की क्षमता वाले आधुनिक तीन मंजिला बैरक का किया जायेगा निर्माण।

पन्ना।

पुलिस बल के आवासीय एवं आधारभूत संसाधनों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज पुलिस लाइन परिसर, पन्ना में नवीन बैरक निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। प्रस्तावित बैरक का निर्माण मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 1 करोड़ 84 लाख रुपये है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैरक मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल (एस.ए.एफ.) के जवानों की आवासीय क्षमता के अनुरूप निर्मित किया जाएगा। भवन में एक समय में 60 जवानों के ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ कंपनी कमांडर हेतु पृथक कार्यालय कक्ष निर्मित किए जाएंगे। बैरक में पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त वेंटिलेशन, स्वच्छता संबंधी सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू ने कहा कि पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय एवं कार्य वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। नवीन बैरक के निर्माण से पुलिस जिला में पदस्थ एस.ए.एफ जवानों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक आवासीय सुविधा प्राप्त होगी, जिससे उनके मनोबल एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए समयबद्ध रूप से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। भूमि पूजन कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम से सहायक यंत्री संदीप सिंह गहरवार, उपयंत्री गौरव सिंह एवं सौरभ मिश्रा, निर्माण एजेंसी के ठेकेदार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान जुगल किशोर लोक निर्माण के तहत मंदिर परिसर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार तथा अनियमितता की जा रही है-श्रीमती रमा बुंदेला

## नगर पालिका के भ्रष्टाचार को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने की पत्रकार वार्ता

पन्ना।



पन्ना नगर पालिका द्वारा बुंदेलखंड के आराध्य भगवान जुगल किशोर लोक निर्माण के कार्यों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं अनिमित्ताएं की जा रही हैं तथा नगर में किए जा रहे अन्य कार्यों में भी लगातार नगर पालिका द्वारा करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है उक्त मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला ने नगर पालिका अध्यक्ष सांसद तथा क्षेत्रीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक कार्यों मे भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है श्री जुगल किशोर मंदिर में पूर्व से टाइल्स मार्बल तथा अन्य संरचना बनी हुई थी जिन्हें तोड़कर कमीशन खाने के चक्कर में फिर से मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है। जबकि प्राचीन ऐतिहासिक संरचनाओं को किस प्रकार से क्षति नहीं पहुंचाई जा सकती है लेकिन शासन द्वारा दी गई करोड़ों की राशि को ठिकाने लगाने के चक्कर में यह सारा खेल चल रहा है पंचम सिंह चौराहा के पास चार बार भगवान श्री जुगल किशोर जी मंदिर का स्वागत द्वार तोड़कर बनाया गया तथा चारों बार उसमें शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया इसी प्रकार मंदिर के सामने धर्मशाला एवं परिसर को तोड़कर तीन मंजिला भवन खड़ा कर दिया गया जबकि मंदिर परिसर के सामने पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है पार्किंग बनाई जाती तो बेहतर होता उन्होंने संपूर्ण मामले की जांच कराए जाने की मांग की है इसके अलावा नगर के मठिया तालाब को सौंदर्य करण के नाम पर एक करोड़ 36 लाख की राशि खर्च की जा रही है तथा तालाब की मेड को इसलिए चौड़ीकरण किया जा रहा है क्योंकि नगर पालिका अध्यक्ष के पति विष्णु पांडे एवं अन्य भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा जमीन खरीद कर प्लाटिंग की जा रही है एवं मैरिज गार्डन आदि बनाए जा रहे हैं उक्त कार्य के लिए नगर पालिका के टैक्स की शासकीय राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है नगर पालिका द्वारा कायाकल्प के तहत नगर में कोतवाली चौराहा से अजयगढ़ चौराहा तक 4 करोड़ की सड़क का निर्माण किया गया जिसमें सड़क की चौड़ाई कम कर दी गई और राशि निपटा दी गई नगर के अंदर मोहन निवास नहर पट्टी में पाथवे निर्माण एवं नाला सफ़ाई प के नाम पर 3 करोड़ से अधिक की राशि आधा अधूरा निर्माण करकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया जबकि उक्त कार्य अत्यंत घटिया एवं गुणवत्ता हीन हैं रहा जो बनने के कुछ ही दिन बाद नष्ट हो गया। इसी प्रकार मोहन निवास चौराहा से सानवी होटल तक बनाई गई सड़क एक वर्ष के अंदर ही उखड़ गई इसी प्रकार श्री जगदीश स्वामी मंदिर से लेकर गांधी चौक मुख्य सड़क तक बनाई गई सीसी सड़क 6 महीना के अंदर ही उखड़ गई नगर पालिका में बिजली सामग्री खरीदी स्वच्छता सामग्री खरीदी वाहनों की खरीदी में भी व्यापक स्तर पर भारी भ्रष्टाचार किया गया नगर पालिका का नया भवन बनाना प्रस्तावित है उसके बावजूद पुराने भवन में लाखों की राशि खर्च करके भारी कमीशन खाया ।गया आम जनता को नामांतरण भवन निर्माण सहित अन्य अनुमति के लिए मनमानी चढ़ोतरी चढ़ाने पड रही है तभी जनता काम होता है बिना कमीशन दिए कोई काम नहीं होता है। तत्पश्चात आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अंकित शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे के पति विष्णु पांडे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि महिला अध्यक्ष होने के बाद नगर पालिका का संचालन अध्यक्ष पति विष्णु पांडे करते हैं जो फर्जी रूप से विधायक प्रतिनिधि बने हुए हैं जबकि संसदीय कार्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विधायक प्रतिनिधि संबंधित कोई भी नियम नहीं है इसके साथ ही अध्यक्ष पति विष्णु पांडे पर तीन दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं तथा वह कोतवाली पन्ना के निगरानी सुदा बदमाश की सूची में है इस प्रकार के व्यक्ति के द्वारा नगर पालिका का संचालन किया जा रहा है जबकि नगर पालिका में आधे से अधिक महिलाएं जनप्रतिनिधि हैं पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहां की यदि नगर पालिका द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच एक सप्ताह के अंदर जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है तो कांग्रेस नगर पालिका का घेराव करेगी। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी जिला प्रवक्ता अंकित शर्मा अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर कदीर खान छात्र संगठन के अध्यक्ष आकाश जाटव मार्तंड देव बुंदेला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



# दक्षिण वनमंडल में सागौन रूटशूट रोपण का वैज्ञानिक प्रशिक्षण

पन्ना।



दक्षिण पन्ना वनमंडल के अंतर्गत आगामी वर्षाकालीन रोपण कार्यों को अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सागौन स्टंप (रूटशूट) रोपण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वनपरिक्षेत्र रैपुरा में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सागौन रोपण की उन्नत तकनीकों से मैदानी अमले को अवगत कराना तथा रोपण की जीवितता दर (सर्वाइवल रेट) में वृद्धि सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में वन विकास निगम, कुंडम के अनुभवी वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्री पी. वेणुगोपाल नायडू मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अक्षत जैन (भारतीय वन सेवा), उपवनमंडल अधिकारी पवई तथा श्री विवेक कुमार जैन, वनपरिक्षेत्र अधिकारी रैपुरा भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में रैपुरा, मोहंद्रा, पवई एवं सलेहा वनपरिक्षेत्रों के रोपण प्रभारी, परिक्षेत्र सहायक तथा रैपुरा वनपरिक्षेत्र के मैदानी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान श्री नायडू ने सागौन स्टंप के वैज्ञानिक चयन, जड़ एवं तने के उपयुक्त अनुपात, क्रोबार डिग की मानक माप एवं दूरी, मृदा उपचार, दीमक नियंत्रण तथा खाद प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री एवं सही रोपण पद्धति के महत्व पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के व्यावहारिक सत्र में सभी प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर सागौन स्टंप रोपण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। वनकर्मियों से स्वयं गड्ढों की तैयारी एवं रोपण कार्य करवाया गया तथा रोपण उपरांत देखभाल एवं संरक्षण की तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों की तकनीकी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे उन्हें कार्य के व्यावहारिक पहलुओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम के समापन पर उपवनमंडल अधिकारी श्री अक्षत जैन एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्री विवेक कुमार जैन ने सभी रोपण प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में सीखी गई वैज्ञानिक तकनीकों का आगामी रोपण कार्यों में प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण मानसून सत्र के दौरान सागौन रोपण की गुणवत्ता एवं सफलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा दक्षिण पन्ना वनमंडल में वानिकी विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

# ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खेती की जमीन नीलामी में लेने के बाद नहीं मिला कब्जा कलेक्टर से लगाई गुहार



**पन्ना।** पन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में शासकीय जमीन है जिसकी नीलामी शासन द्वारा की जाती है तथा नीलामी की रकम शासकीय कोष में जमा होती है उक्त जमीन किसान अरविंद सिंह यादव द्वारा 42000 की राशि शासकीय कोष में जमा की गई थी जिसकी वकायदा रसीद भी उपलब्ध है। उसके बावजूद स्थानीय अधिकारियों द्वारा संबंधित किसान को कब्जा नहीं दिलाया गया जिससे किसान भारी परेशान है मामले को लेकर पीड़ति किसान अरविंद सिंह यादव ने पन्ना कलेक्टर की जनसुनवाई में लिखित आवेदन देकर नीलम की गई जमीन दिलाए जाने की मांग की है उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2025 में ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित शासकीय जमीन जिसका रकवा लगभग 16 एकड़ था उस जमीन को उसके द्वारा नीलामी में 42000 में 1 वर्ष के लिए जमीन ली गई थी और उसके द्वारा तुरंत ही 42000 शासकीय कोष में जमा करवाए गए थे यह नीलामी तहसील कार्यालय पन्ना में 2025 में हुई थी और उस समय संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे इसके बाद पीड़ति को कब्जा दिलाने के लिए कहा गया लेकिन आज दिनांक तक उसको कब्जा नहीं दिलाया गया और पीड़ति ने बार-बार संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि उसे जमीन का कब्जा दिलाया जाए अधिकारी उसको आश्वासन देते रहे लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज दिनांक को उसको ना जमीन का कब्जा मिला और ना ही उसके जमा किए हुए व्यालीश हजार रुपए मिले इस कारण पीड़ति ने पन्ना कलेक्टर की जनसुनवाई में लिखित शिकायत की है उसके साथ न्याय किया जाए और उसे जमीन का कब्जा दिलाया जाए क्योंकि यह जमीन 1 वर्ष के लिए उसे नीलामी में दी गई थी।

## खबर संक्षेप



### जिला अदालत में प्रेमी युगल ने रचाई सादगीपूर्ण शादी, वकीलों ने दी शुभकामनाएं

**छतरपुर।** जिला अदालत परिसर में बुधवार को एक प्रेमी युगल ने सादगीपूर्ण तरीके से विवाह कर समाज के सामने कम खर्च में शादी का उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम राईपुरा निवासी कमलेश अवस्थी ने बताया कि उन्होंने शिवानी दास से अपनी मर्जी से विवाह किया है। दोनों ने जिला अदालत में एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। विवाह के बाद दोनों ने खुशी जाहिर करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मौजूद अधिवक्ताओं ने नवविवाहित जोड़े को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। शिवानी दास ने स्पष्ट कहा कि उन्होंने अपनी इच्छा से विवाह किया है और उन पर किसी प्रकार का दबाव नहीं था। एडवोकेट रवि पाण्डेय ने बताया कि दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे और मोबाइल के माध्यम से लगातार संपर्क में रहते थे। समय के साथ दोनों के बीच प्रेम संबंध विकसित हुआ, जिसके बाद उन्होंने विवाह करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कम खर्च में होने वाली ऐसी शादियां समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और इससे अनावश्यक खर्च से बचा जा सकता है।

### प्रेमी संग भागी दो बच्चों की मां को वापस दिलाने की मांग

**पीड़ित पति ने एसपी कार्यालय पहुंच लगाई न्याय की गुहार**




**छतरपुर।** इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क में आए प्रेमी के साथ दो बच्चों की मां के भाग जाने और महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने का मामला सामने आया है। न्याय न मिलने से परेशान पीड़ित पति ने एक बार फिर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा है और अपनी पत्नी को वापस दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले के थाना सटई अंतर्गत ग्राम छापर निवासी प्रार्थी मुकुन्दी अहिरवार तनय जंतू अहिरवार अपनी पत्नी रिंकी अहिरवार और दो बच्चों—पुत्री माही (8 वर्ष) व पुत्र माहिर (4 वर्ष) के साथ हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के ढलियारा तहसील डाडासीबा में मजदूरी का काम करता था। गत 16 अक्टूबर 2025 को उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अचानक वहां से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो पीड़ित पति ने हिमाचल प्रदेश में ही पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पीड़ित को पता चला कि उसकी पत्नी इंस्टाग्राम के जरिए रीवा जिले के थाना सोहागी अंतर्गत ग्राम अतरसुईया पो. अंजोरा निवासी सत्यदेव चर्मकार पिता काशी प्रसाद के संपर्क में आई थी, जो उसे बहला-फुसलाकर हिमाचल से भगा ले गया था। जानकारी मिलने पर जब पीड़ित पति आरोपी के गांव पहुंचा, तो वहां के सरपंच के सहयोग से दोनों बच्चों को तो वापस दिला दिया गया, लेकिन उसकी पत्नी अभी भी आरोपी सत्यदेव के चंगुल में है और उसी के साथ रह रही है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह अपनी पत्नी को वापस लेने अनावेदक के गांव गया, तो सत्यदेव चर्मकार और वहां के कुछ स्थानीय लोगों ने उसे जान से मारने और दोबारा आने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि घटना को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। परेशान होकर उसने एसपी से गुहार लगाई है कि उसकी पत्नी को वापस दिलाया जाए और धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी ने 5 बच्चों के पैरों का सफल ऑपरेशन कर दिया नया जीवन

छतरपुर।

जिला अस्पताल में पदस्थ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। आपात स्थिति में डॉ. सोनी ने 5 नवजात शिशुओं के पैरों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया। जिन बच्चों के ऑपरेशन किए गए है उनमें अभीप्रताप, अनन्या, इशिका, जपत, साहिल शामिल है। डॉ. सोनी की कुशलता और समय पर लिए गए निर्णय से सभी बच्चों के पैर अब स्वस्थ हैं। जिला अस्पताल प्रशासन और परिजनों ने डॉ. सोनी के समर्पण की सराहना की है। लगातार सेवा कार्यों से डॉ. सोनी क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गए हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी की बड़ी कामयाबी छतरपुर जिला अस्पताल में 5 नवजात शिशुओं ,अभी प्रताप, अनन्या, इशिका, जपत, साहिल , के पैरों का सफल ऑपरेशन। समय पर उपचार से मिली 5 बच्चों को नई जिंदगी जिसकी चारों तरफ सराहना की जा रही है इन बच्चों के परिजनों के चेहरों पर भी मुस्कान देखी गई इसके पहले भी बह कई बच्चों के ऑपरेशन करके जीवनदान दे चुके है।



### नई विचारधाराओं को लेकर सम्यक पार्टी ने किया शंखनाद

छतरपुर। ना वंशवाद ना जातिवाद ,सम्यक पार्टी जिंदाबाद के नारे के साथ सम्यक पार्टी मैदान पर उतरी है। 15 जून को सागर रोड स्थित होटल में सम्यक पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एकत्रित हुई, जहां पर जनता की शिक्षा, इलाज,उद्योग धंधे, गांव की हालत, गरीब किसान, मजदूर, छात्र, युवा कारीगर, महिलाएं आदि सभी विषयों पर चर्चा की गई। बताया गया कि आम जनता के 95 प्रतिशत से ज्यादा लोग शहरों में गंदी बस्तियों में रहते हैं, जहां शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी सुरक्षा की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। एक तरफ गरीबी ,शिक्षा, बेरोजगारी और लाचारी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सत्ता में बैठे लोग जनता की कमाई से बनी सरकारी संस्थाओं को पूंजीपतियों के हाथ ओने पौने दामों में बेच रहे हैं ,निजीकरण के कारण आरक्षण खत्म हो रहा है और नौकरियां ठेका और आउटसोर्सिंग के माध्यम से निर्धारित की जा रही है। बैंकों से बेरोजगार किसान छोटे व्यापारी और कारीगरों को छोटी-छोटी पूंजी उपलब्ध नहीं हो रही है।

किंतु बड़े-बड़े पूंजीपतियों का करोड़ो रूपया का कर्ज माफ किया जा रहा है, इस तरह की तमाम मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चर्चा हुई और निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें पार्टी के सत्ता में आने पर सरकार के मुखिया के रूप में एक ही जाति या व्यक्ति को नहीं दोहराया जाएगा। कक्षा 12वीं तक सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण निशुल्क और समान शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी ,उच्च शिक्षा में सभी छात्रों के लिए निशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराए जाएंगे। इंटरव्यू खत्म करके सभी नौकरियों में भर्ती पारदर्शी और केवल लिखित परीक्षाओं के द्वारा की जाएगी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा तथा रोजगार हेतु उचित वित्त पोषण प्रदान करना। प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईएएस और मंत्री तपेंद्र प्रसाद शाक्य द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के के मौर्य, अध्यक्ष राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.शिव प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा यह जानकारी लेख कर वितरित की गई. इस शुभ अवसर पर संख्या में सम्यक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सभी जिला अध्यक्षों सहित, जिला अध्यक्ष शेख सलीम ,कोषाध्यक्ष अनिल सोनी श्री पांचाल जी सहित समस्त कार्यकर्ता महिला पुरुष गुड मॉर्निंग नागरिक एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# जालसाजी कर खाली प्लॉट बेचने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले के थाना पिपट अंतर्गत ग्राम पनागर में एक महिला की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे अन्य व्यक्ति को बेचने और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कानूनी कार्रवाई करने और अपनी जमीन पर वापस कब्जा दिलाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पनागर निवासी पीड़िता मुंदिका बसोर पति संजू बसोर का अपने मकान के सामने लगभग 30 वर्षों से एक खाली प्लॉट पर कब्जा है, जहाँ उनके पेड़-पौधे लगे हुए हैं। पीड़िता का आरोप है कि गाजियाबाद निवासी अनावेदक राधा वर्मा ने गांव के ही एक कथित दलाल रामकृपाल प्रजापति के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा। इन लोगों ने प्लॉट के फर्जी विक्रय पत्र तैयार करवाकर जमीन को लल्ली बाई अहिरवार को बेच दिया। इतना ही नहीं, उक्त भूमि पर जबरन निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया गया। जब इस मामले की जानकारी मिलने पर पटवारी ने मौके पर पहुंचकर काम रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकी देकर भगा दिया।




पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने इस अवैध निर्माण और जालसाजी का विरोध किया, तो आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट की धमकी दी गई। महिला ने आरोप लगाया है कि इस घटना की शिकायत उन्होंने स्थानीय थाने में भी की थी, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा उन्हें निर्माण कार्य न रोकने की बात कही गई। पीड़िता ने आशंका जताई है कि अनावेदक पुलिस से मिले हुए हैं और उन्होंने फर्जी कागजात के आधार पर न्यायालय तहसीलदार में नामांतरण हेतु दस्तावेज भी प्रस्तुत कर दिए हैं। परेशान होकर पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच करने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और अपनी पैतृक जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

## टौरिया हिंसा मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 आरोपी गिरफ्तार, दो और पहुंचे सलाखों के पीछे

छतरपुर।

शहर के टौरिया मोहल्ले में बीते महीने हुई हिंसा, पथराव और दम्पति के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद सभी 13 आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि 4 जून को टौरिया मोहल्ले की घटना को लेकर तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थीं। मामले में मुख्य आरोपी जुल्फिकार को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ महिलाएं और नाबालिग भी शामिल हैं। गौरतलब है कि घटना के दौरान पुलिस दल पर हमला किए जाने के साथ ही एक दम्पति के साथ मारपीट और पथराव की वारदात सामने आई थी। इस मामले में निसार खान सहित उनके परिजनों की गिरफ्तारी भी पहले ही हो चुकी है।

## युवक के खाते से 57 हजार की साइबर ठगी, एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले में साइबर अपराधियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कटहरा निवासी रामरतन अहिरवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपने बैंक खाते से 57 हजार रुपये की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि उसका खाता इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में संचालित है, जिसका उपयोग वह नियमित लेनदेन एवं यूपीआई भुगतान के लिए करता है। रामरतन के अनुसार 15 जून 2026 को अज्ञात साइबर ठगों ने उसके खाते से 50 हजार रुपये सहित विभिन्न किश्तों में कुल 57 हजार रुपये निकाल लिए। हैरत की बात यह रही कि खाते से रकम निकलने के दौरान उसके मोबाइल पर न तो कोई ओटीपी आया और न ही किसी प्रकार का बैंक अलर्ट प्राप्त हुआ। ठगी का खुलासा तब हुआ जब 16 जून को वह एक दुकान पर भुगतान करने पहुंचा और खाते में पर्याप्त राशि नहीं मिली। इसके बाद बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर खाते से रकम निकाले जाने की जानकारी सामने आई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन और स्थानीय पुलिस से भी की है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा ठगी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है।

## मर्जी से अंतर्जातीय विवाह करने पर नवदंपत्ति को मिल रही जान से मारने की धमकी, एसपी कार्यालय पहुंच मांगी सुरक्षा



**छतरपुर।** अपनी मर्जी से प्रेम विवाह करने वाले एक नवदंपत्ति को युवती के परिवार वालों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। मायके पक्ष के डर से सहमे नवदंपति ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा है और अपने जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी कार्यालय पहुंची आवेदिका कृतिका राजा ने स्पष्ट किया है कि वह पूर्ण रूप से बालिग हैं और उन्होंने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से विवाह किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के ग्राम बराहों की रहने वाली कृतिका राजा पुत्री इंद्रपाल सिंह ने गत 15 जून 2026 को छतरपुर के मोटे के महावीर धाम मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अभय प्रताप सिंह बुंदेला के साथ विवाह किया था। शादी के बाद से ही दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे हैं। कृतिका का आरोप है कि उनके इस विवाह से उनके मायके पक्ष के लोग बेहद नाखुश हैं। इसी नाराजगी के चलते लड़की के परिवार वाले और रिश्तेदार लड़के अभय प्रताप सिंह के गांव पहुंच गए, जहाँ उन्होंने नवदंपति के साथ गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की गंभीर धमकी दी। आवेदिका का कहना है कि उनके परिजन इस कदर आक्रोशित हैं कि वे किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। अपनी और अपने पति की जान को खतरा बताते हुए आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक से मामले पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं पंचमुखी हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ



**ईशानगर।** पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं पंचमुखी हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा रक्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर अर्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दिव्य धाम पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं घट स्थापना की गई। कथा के प्रथम दिवस पर कुटी सरकार चरण सेवक श्री शाश्वत तिवारी जी महाराज ने श्रीराम कथा का श्रवण कराते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस भव्य आयोजन में महामंडलेश्वर दीनबंधु दास मोनी महाराज भी विशेष रूप से शामिल हुए और श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कलश यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए बैंड-बाजे, डीजे, घोड़े एवं ऊंटों की जोड़ी आकर्षण का केंद्र रही। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते नजर आए और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कथा संयोजक छोटू महाराज, नागेंद्र सिंह एवं सुंदरलाल भगत सहित समस्त श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 8 किलोमीटर की परेशानी होगी दूर, कछयाना गांव में राशन सुविधा के लिए विधायक ने की पहल



**छतरपुर।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकरी अंतर्गत ग्राम कछयाना में ग्रामीणों को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने के लिए लगभग 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं एवं जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों से संवाद के दौरान यह समस्या सामने आने पर राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने मामले को गंभीरता सलिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा समस्या के त्वरित निराकरण के लिए पहल की। विधायक पटैरिया ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं सहज एवं सुलभ रूप से उपलब्ध हों, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने भी उनकी इस पहल का स्वागत करते हुए जल्द समाधान की उम्मीद जताई।

### गूगल पे से 1.74 लाख की साइबर ठगी, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार




**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डहर्रा निवासी रेखा अहिरवार साइबर ठगी का शिकार हो गईं। पीड़िता के अनुसार उनके मोबाइल फोन का अचानक फैक्ट्री रीसेट हो गया, जिसके बाद गूगल पे से जुड़े दो अलग-अलग खातों से अवैध ट्रांजैक्शन कर कुल 1 लाख 74 हजार रुपये निकाल लिए गए। बताया गया है कि एक खाते से 80 हजार रुपये तथा दूसरे खाते से 94 हजार रुपये की निकासी की गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और बैंक पहुंचकर मामले की जानकारी दी। बैंक कर्मचारियों ने उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत किए जाने के एक सप्ताह बाद भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। न्याय की मांग को लेकर पीड़िता अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए ठगी गई राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सामूहिक योग कर दिया स्वास्थ्य का संदेश



**छतरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छतरपुर में पतंजलि योगपीठ एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि योग समिति सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का भी आधार है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढने की बात कही और सभी से प्रतिदिन 15 से 20 मिनट योग करने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश दिया गया।

### रेलवे निर्माण कार्य में दर्दनाक हादसा, एलएनटी मशीन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत



**छतरपुर।** जिले के चंद्रनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरखेड़ा गांव में चल रहे रेलवे निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एलएनटी मशीन को बैक करते समय मऊगंज जिले के निवासी रामदुर्घट यादव उसके नीचे आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल एवं चंद्रनगर चौकी प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। मृतक के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल छतरपुर में कराया जा रहा है। मृतक के परिजन रंजित यादव ने बताया कि रामदुर्घट यादव रेलवे परियोजना में एक्सवेटर चालक के रूप में कार्यरत थे। सुबह हादसे की सूचना मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें रामदुर्घट यादव की मौत की जानकारी दी गई।

मृतक के भाई रमाकांत यादव ने बताया कि उनका परिवार मऊगंज जिले के नकवार गांव का रहने वाला है। रामदुर्घट यादव पिछले चार-पांच महीनों से रेलवे निर्माण कार्य में लगे हुए थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा हैं। परिजनों का कहना है कि सुबह कार्यस्थल पर वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दसवीं में फेल होने पर छात्र ने लगाई फांसी सप्लीमेंट्री में असफलता के बाद उठाया आत्मघाती कदम



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रघुनंदन विहार कॉलोनी में बुधवार को एक 15 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक युवराज अहिरवार (15) पुत्र संतोष अहिरवार, रघुनंदन विहार कॉलोनी का निवासी था। परिजनों ने बताया कि युवराज कक्षा 10वीं का छात्र था और बोर्ड परीक्षा में असफल हो गया था। इसके बाद उसने सप्लीमेंट्री परीक्षा दी, लेकिन उसमें भी सफलता नहीं मिल सकी। बताया जा रहा है कि परीक्षा में लगातार असफल होने के कारण वह काफी तनाव और मानसिक परेशानी में था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दादा देवीदीन अहिरवार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। कोतवाली थाना पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## फांसी पर मिला ग्रामीण का शव, हत्या के आरोपों पर हाईवे दो घंटे जाम

**बकस्वाहा। थाना क्षेत्र के ग्राम निवार में 50 वर्षीय रामसिंग लोधी उर्फ सरला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकस्वाहा भेज दिया।**

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए बम्होरी चौकी के सामने प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन शव को अपने घर ले गए। बुधवार सुबह परिजनों ने सेमरा पुल पर शव रखकर सागर-छतरपुर हाईवे को लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देते हुए जांच एवं उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# नगरीय निकायों को स्वयं जमा कराना होगा बिजली खपत का बिल भुगतान, नहीं करने पर रुकेगी नगरीय निकायों की चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि, नगर निगम रीवा का 3.14 करोड़ रुपए का भुगतान



**रीवा।** नगरीय निकायों में बिजली बिल के भुगतान का मामला अब शासन ने निकायों के पाले में डाल दिया है। पूर्व का बकाया और वर्तमान बिल निकायों को स्थानीय स्तर पर जुटाए गए राजस्व से जमा कराना होगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग का पत्र नगर निगम आयुक्त के साथ ही अन्य निकायों के प्रमुखों के पास आया है। जिसमें कहा गया है कि बिजली बिल भुगतान करने के बाद विद्युत वितरण कंपनी से एनओसी लेकर विभाग को भेजी जाए। साथ ही कहा गया है कि जिन निकायों की पूरी राशि जमा होगी तो उनका चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में कटौती नहीं की जाएगी। जिन निकायों की ओर से राशि जमा नहीं की जाएगी। उनकी चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि रोक दी जाएगी। विभाग की ओर से जारी किए गए इस निर्देश ने नगरीय निकायों को मुश्किल में डाल दिया है, क्योंकि बिजली बिल बीते कई वर्षों से शासन के स्तर से ही जमा कराए जाते रहे हैं। जिसमें कुछ हिस्सा निकायों को मिलने वाले चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के साथ ही शासन की ओर से दिए जाने वाले सहयोग का शामिल होता था। अब नगरीय निकायों को खुद के बजट से बिजली बिल भी जमा कराना होगा। निकायों की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने की वजह से पहले भी बिजली बिल जमा कराने में असुविधाएं होती रही हैं। समय पर बिजली बिल जमा नहीं होने के कारण कनेक्शन भी काटे जाते रहे हैं। वाटर फिल्टर प्लांट के कनेक्शन काटने की वजह से पेयजल सप्लाई बाधित हो रही थी। इस कारण बिल शासन के स्तर पर जमा कराया जाने लगा था। बिल जमा कराने के निर्देशों के साथ ही नगरीय निकायों के वर्तमान में बकाया बिलों की सूची भी भेजी गई है। जिसके तहत रीवा जिले में नगर परिषद डभौरा का 1.32 लाख रुपए, गोविंदगढ़ का 33.23 लाख, चाकघाट का 3.93 लाख, मनगवां का 4.85 लाख, त्योंथर का 4.94 लाख, गुढ़ में 9.05 लाख, सेमरिया में 10.38 लाख, बैकुंठपुर में 11.76 लाख, सिरमौर में 11.68 लाख, नगर निगम रीवा का 3.14 करोड़ रुपए, मऊगंज जिले में नगर परिषद हनुमना में 48 हजार रुपए, नईगढ़ी में में 8.94 लाख रुपए, मऊगंज नगर परिषद में 9.49 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है।रीवा नगर निगम में तीन करोड़ से अधिक बकायानगर निगमों का बिजली बिल अधिक बकाया है, क्योंकि यहां बिजली की खपत भी सबसे अधिक होती है। रीवा नगर निगम में 3.14 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान करना होगा। इसी तरह सतना नगर निगम में 4.62 करोड़, सिंगरौली में 1.50 करोड़, ग्वालियर में सबसे अधिक 73.15 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है।अभी तक नहीं बदले गए क्षतिग्रस्त पोलअभी हाल में 2-3 दिनों तक आए आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली के सभी पोल अभी तक नहीं बदले गए हैं। जिससे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाई जा रही है। गौरतलब है कि अभी हाल में आए आंधी-तूफान का सर्वाधिक असर रायपुर कर्चुलियान त्योंथर और मऊगंज क्षेत्र में हुआ था। आंधी-तूफान से यहां लगभग चार सैकड़ा से ज्याद पोल टूट गए थे। दरअसल डिवीजनों को इतनी मात्रा में बिजली के पोल मुख्यालय से नहीं मिल पा रहे हैं। जितनी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसकी वजह से अभी सभी गांवों में बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। बताया जाता है कि वैकल्पिक व्यवस्था जोखिम भरा है और इससे जानमाल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। विद्युत पोल की कमी की डिमांड पहले से ही रही है। पूर्व संभाग में इसके पहले भी बड़े पैमाने पर आंधी से खाभों को नुकसान पहुंचा था, जिसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। इसके बाद गत सप्ताह तूफान ने बड़े पैमाने पर त्योंथर डिवीजन में विद्युत विभाग की व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया था। इससे सैकड़ों गांवों और मजरे टोलें अंधेरे में डूब गए। बिजली के एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर उड़कर पोल के साथ जमीन पर आ गए थे। डिवीजनों में विद्युत सामग्री का संकटगत दिवस आए तूफान से विभाग को सबसे अधिक नुकसान त्योंथर डिवजन में पहुंचा है। यहां एक दर्जन फीडर ऐसे हैं, जिनके पोल टूट गए और ट्रांसफार्मर खंभों के साथ जमीन पर आ गिरे थे। बताया जाता है कि विद्युत आपूर्ति प्रभावित भी सबसे अधिक इलाकों में त्योंथर डिवीजन में हुई है। त्योथर डिवीजन में विद्युत रेस्टोरेशन में अब पोल, ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री की कमी सबसे बड़ी बाधा बन गई है। तूफान के पहले ही त्योंथर डिवीजन से मुख्य अभियंता कार्यालय डिमांड लेटर भेजा गया था, लेकिन सीई कार्यालय से अभी तक पोल और अन्य विद्युत सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। इसी तरह के हालात ईस्ट डिवीजन में भी है, जहां विद्युत सामग्री के अभाव में काम अधूरा पड़ा है। यही वजह कि तूफान से प्रभावित इलाकों में बिजली सप्लाई फिर चालू कर पाने में विलंब हो रहा है।शिपेयर और टेस्टिंग में में अटके ट्रांसफार्मरतेज हवा में उड़कर जमीन पर आ गिरे विद्युत ट्रांसफार्मर काम करने की स्थिति में हैं अथवा नहीं इसकी टेस्टिंग कराई जाएगी। हालांकि उम्मीद न के बराबर बताई जा रही है और नए ट्रांसफार्मर बड़े पैमाने पर चाहिए होगें, लेकिन विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफार्मर नहीं है। ऐसे में इन्ही में से कुछ की मरम्मत करने का काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि अकेल त्योंथर डिवीजन में ही 12 से अधिक ट्रांसफार्मर उखड़कर जमीन पर आ गए हैं। इसके अलाव और संभागों में भी पहले से कमी है और आंधी में कुछ और टूट गए है।

# पत्नी का उपचार कराने रीवा आ रहे पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**रीवा।** पत्नी का उपचार कराने सतना से रीवा आ रहे एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर हृदयाघात (हार्ट अटैक) की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। जानकारी के अनुसार, सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखम निवासी पुष्पेंद्र सिंह अपनी पत्नी सीमा सिंह का उपचार कराने बुधवार को रीवा के लिए निकले थे। बताया गया है कि उनकी पत्नी पहले से अस्वस्थ थीं और दोनों इलाज के उद्देश्य से रीवा स्थित संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय आ रहे थे।परिजनों के मुताबिक, जब दंपती रीवा के चोरहटा क्षेत्र के समीप पहुंचे, तभी अचानक पुष्पेंद्र सिंह के सीने में तेज दर्द शुरू हो गया। दर्द इतना अधिक था कि कुछ ही देर में उनके हाथ-पैर शिथिल पड़ गए और उनकी हालत गंभीर हो गई। पति की बिगड़ती स्थिति को देखकर पत्नी घबरा गईं और स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक की जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के जीजा ने बताया कि पुष्पेंद्र सिंह पूरी तरह सामान्य अवस्था में घर से निकले थे और रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार को भी इस अप्रत्याशित घटना की उम्मीद नहीं थी। पत्नी के इलाज के लिए निकले युवक की अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रथम दृष्टया मामला हृदयाघात से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन आधिकारिक रूप से मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की गई है। किसी भी प्रकार की आशंका को समाप्त करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार पुरानी रंजिश में घर पर की फायरिंग

रीवा।



जिले के जवा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हुए फायरिंग की गंभीर घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त कार जब्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते फरियादी के घर पहुंचकर जान से मारने की नीयत से देशी कट्टे से फायरिंग की। गोली घर के मुख्य गेट में जाकर लगी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना के दौरान पीड़ित परिवार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल घर का गेट बंद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही जवा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर 315 बोर के खाली खोखे बरामद किए। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी लाल रंग की कार से रीवा की ओर भागने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर जब्त की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में जवा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्रवाई में अतरैला थाना पुलिस सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध हथियारों और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# 150 से अधिक तोते को शिकारियों के चंगुल से मुक्त कराने वाले युवाओं का कांग्रेस ने किया सम्मान

**रीवा।** सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के जवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पथरौड़ा में वन्य जीव संरक्षण का एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। शिकारियों द्वारा लगभग 150 से अधिक तोतों को जाल में फंसाकर अवैध रूप से बिक्री हेतु ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम के युवाओं विपिन सिंह, आशीष सिंह एवं रोहित सिंह ने साहस, सतर्कता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शिकारियों के चंगुल से इन सभी पक्षियों को मुक्त कराया। युवाओं के इस साहसिक एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने जिला कांग्रेस कार्यालय में तीनों युवाओं का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि विपिन सिंह, आशीष सिंह एवं रोहित सिंह द्वारा किया गया यह कार्य न केवल वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज के समय में वन्य जीवों और पक्षियों की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इन युवाओं ने अपने साहस और जागरूकता से समाज के सामने एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की है। श्री शर्मा ने तीनों युवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कार्य समाज के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति लोगों में सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगा।

# नीट परीक्षा के लिए सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें - कलेक्टर

रीवा।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी और नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्र के बाहर पुलिस और होमगार्ड्स द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के अंदर सुरक्षा एजेंसी द्वारा जैमर तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन के लिए सुचारू व्यवस्था की हिदायत दे दें। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा व्यवस्था में समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बना दिया गया है। व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी कंट्रोल रूम से संपर्क में रहें। सभी अधिकारी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रीवा में बैंक से प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र तक ले जाने के लिए प्रत्येक केन्द्र के लिए अलग-अलग वाहन तैनात कर दिया है। प्रश्नपत्र सुरक्षा बलों की निगरानी में परीक्षा केन्द्र तक जाएंगे। पुलिस अधिकारी सुरक्षा एजेंसी से समन्वय बनाकर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र में पानी, नाश्ते आदि की व्यवस्था कराएं। विद्यार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के बैठने के लिए भी व्यवस्था करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए 21 जून को यातायात व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन के लिए पूरा प्लान बना दिया गया है। पुलिस और होमगार्ड के अधिकारी और जवान सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगी। सभी नोडल अधिकारी पुलिस अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने नीट परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# मनगवाँ विधायक नरेंद्र प्रजापति के निर्देशन में तीन दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन, सैकड़ों हितग्राहियों की समस्याओं का हुआ समाधान

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विधायक मनगवाँ-73 नरेंद्र प्रजापति के नेतृत्व मे जनपद पंचायत गंगेव परिसर में 12, 15 एवं 16 जून 2026 को तीन दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।*शिविर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए। तीनों दिनों में प्रतिदिन लगभग 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया।शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, जल गंगा संवर्धन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विद्युत, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यानिकी विभागों से संबंधित मामलों का समाधान किया गया।15 जून को आयोजित शिविर में सांसद जनार्दन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को



संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा, जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष विकास तिवारी, महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि गणेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मिश्रा, एल्डरमैन लवकुश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जगजीवनलाल तिवारी, प्रियंका तिवारी, डॉ. विष्णु देव कुशवाहा, सुनीता, केमली साकेत, अनीश मिश्रा, अखिल सोनी, यादवेन्द्र गोस्वामी, अमित विश्वकर्मा (गुड्डू) सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके अलावा तहसील मनगवाँ के



अनुभाग अधिकारी, विद्युत विभाग की मुख्य अभियंता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव, तहसीलदार, जूनियर इंजीनियर, कानूनगो, पटवारी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी शिविर में शामिल हुए।आयोजकों के अनुसार शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना था। तीन दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# मकान के ऊपर मौत बनकर झूल रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन, 10 सदस्यीय परिवार दहशत में, शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, बारिश के मौसम में बढ़ा बड़े हादसे का खतरा

**रीवा।** जिले के नगर परिषद बैकुण्ठपुर के वार्ड क्रमांक-4 में बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक बड़े हादसे को न्योता देती दिखाई दे रही है। यहां एक परिवार का कच्चा मकान 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में है। मकान की छत से महज लगभग तीन फीट ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के कारण परिवार के सदस्य लगातार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-4 निवासी शोभनाथ रजक के मकान के ऊपर से करीब 100 फीट तक 11 केवी की विद्युत लाइन गुजर रही है। मकान की छत और विद्युत तारों के बीच बेहद कम दूरी होने के कारण किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विशेष रूप से बारिश का मौसम शुरू होने के बाद परिवार की चिंता और बढ़ गई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को शिकायत दी जा चुकी है। विभाग की ओर से लगभग 15 दिनों के भीतर लाइन को व्यवस्थित करने और समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप परिवार आज भी उसी खतरे के बीच रहने को विवश है।बताया गया है कि मकान में छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित लगभग 10 सदस्य निवास करते हैं। कच्चे मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को लेकर परिवार के सदस्य हर समय आशंकित रहते हैं। उनका कहना है कि तेज बारिश, आंधी या तूफान के दौरान यदि विद्युत तार टूटकर मकान पर गिर जाएं तो बड़ी जनहानि हो सकती है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों के अनुसार मकान के समीप एक धार्मिक स्थल भी स्थित है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। इस कारण खतरा केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के लोगों और धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति किसी बड़े हादसे का रूप ले सकती है।

# प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन संगठन सुदृढ़ीकरण एवं डिजिटल रिपोर्टिंग पर दिया गया

**मऊगंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् रीवा के निर्देशानुसार नवांकुर लीड संस्था त्रिवेणी बहुद्देशीय जन कल्याण संस्था द्वारा दिनांक 17 जून को जनपद पंचायत नईगढ़ी सभागार में सेक्टर नईगढ़ी अंतर्गत संचालित नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठनात्मक प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा डिजिटल कार्यप्रणाली के प्रति प्रशिक्षित एवं जागरूक बनाना था।कार्यशाला का शुभारंभ सामाजिक विकास एवं जनभागीदारी के महत्व पर चर्चा के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने कार्यशाला की भूमिका प्रस्तुत करते हुए प्रस्फुटन समितियों की अवधारणा, उद्देश्य एवं ग्रामीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समितियां समाज में जनजागरूकता, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।उन्होंने समिति संचालन, अभिलेख संधारण, बैठक कार्यवाही लेखन, वित्तीय एवं गतिविधि संबंधी दस्तावेजीकरण तथा गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संस्था या समिति की सफलता उसके व्यवस्थित दस्तावेजीकरण एवं नियमित गतिविधियों पर निर्भर करती है।कार्यशाला में उपस्थित परामर्शदाता राजरमन पटेल ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के एमपीजेएपी (MPJAP) ऐप के संचालन एवं उपयोग पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि समिति द्वारा आयोजित बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों, अभियानों, श्रमदान गतिविधियों एवं अन्य सामाजिक कार्यों की जानकारी ऐप पर किस प्रकार अपलोड की जाए। साथ ही गतिविधियों की फोटो, उपस्थिति एवं विवरण को निर्धारित



प्रारूप में ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया को भी समझाया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए डिजिटल रिपोर्टिंग की उपयोगिता एवं समय पर जानकारी अपलोड करने के महत्व पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता व्यक्त की।कार्यक्रम में केदारनाथ कुशवाहा, राजबहोर कुशवाहा, अनल कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार शुक्ला, संदीप कुमार मिश्रा (पुरैनी), संदीप कुमार मिश्रा (नईगढ़ी), आशा मिश्रा, रामसागर चतुर्वेदी, हीरालाल सोंधिया सहित नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।कार्यशाला के समापन अवसर पर समाज के समग्र विकास हेतु सक्रिय सहभागिता, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा जनहितकारी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया गया।



# कलेक्टर ने जनसुनवाई में दिव्यांग को दिलाई ट्राई साइकिल

मऊगंज

जिले में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन को एक दिव्यांग ने ट्राई साइकिल प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने मौके पर ही दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। जनसुनवाई में तहसील हनुमना के लोढ़ी गांव के निवासी शिवम कहार पिता श्री शिवबहोर कहार ने अपनी शारीरिक स्थिति एवं आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा पात्रता के आधार पर हितग्राही को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर शिवम कहार एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों में काफी कमी आएगी तथा वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे।



# नगर निगम में महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित

**रीवा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशन में स्वच्छता नॉलेज पार्टनर फीडबैक फाउंडेशन द्वारा बुधवार को रीवा नगर निगम के टाउन हॉल में महिला सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम रीवा के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही उन्होंने उपस्थित महिला सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा स्वच्छ शहर निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम के सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। स्वस्थ एवं जागरूक सफाई मित्र ही बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। यदि सफाई मित्र स्वस्थ रहेंगे तो उनकी कार्य क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छता संबंधी कार्यों का निष्पादन भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से सीधे जुड़े हुए हैं। सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा तो शहर भी स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि आप बीमार होंगे तो शहर भी बीमार होगा, इसलिए अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान प्रदीप श्रीवास्तव ने महिला सफाई मित्रों को स्वच्छता प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कचरा पृथक्करण, सुरक्षित हैंडलिंग, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सुरक्षा उपकरण (पीपीई) जैसे दस्ताने, मास्क, गमबूट एवं एप्रन के उपयोग, रख-रखाव एवं उनकी अनिवार्यता पर विशेष रूप से चर्चा की।टाउन हॉल में विशेष रूप से नगर निगम रीवा द्वारा सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम के सफाई मित्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों के ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर परीक्षण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी एवं समय रहते आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराना था।